Sam Industries Limited

CIN: L70102MP1994PLC041416
Registered Office: Village: Dakachiya, A. B. Road, Tehsil: Sanwer,
District – Indore – 453771 - Madhya Pradesh, India
Phone: 0091-731- 4229717
Website: www.samindustriesltd.com, Email: secretarial@samindustriesltd.com

To,

04/09/2024

The Secretary,
Department of Corporate Services
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Fort,
Mumbai – 400001

Sub. Submission of copy of Newspaper Clippings of 30th Notice of Annual General Meeting, Remote R-voting and Book Closer

BSE Scrip Code 532005

ISIN: INE653D01012

Dear Sir/ Madam,

1. In terms of Regulation 47 to the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations"), as amended from time to time, please find enclosed herewith the newspaper advertisement published on 4th September, 2024 for the for 30th Notice of Annual General Meeting, Remote R-voting and Book Closer.

    1.1 'The Free Press Journal' (English edition) and
    1.2 'Choutha Sansar' (Vernacular Language- Hindi edition).

2. This is for your information and records. Kindly take on record the same.

Thanking you.

Yours faithfully,

For Sam Industries Limited

Navin S. Patwa
Company Secretary
Encl: as above

Sam Industries Ltd INDORE Company Secretary

world 9
Indore, Wednesday, 4 September 2024
www.freepressjournal.in

Sam Industries Limited

CIN L70102MP1994PLC041416
Registered Office-Village: Dakachiya,A.B. Road, Tehsil: Sanwer,
District-Indore -453771, Madhya Pradesh, India, Phone: 0091-731-4229717
E-mail:secretarial@samindustriesltd.com, Web.: www.samindustriesltd.com

Notice of 30th Annual General Meeting & Information on Remote E- Voting and Book Closure

I. **Notice** is hereby given that the **30th** Annual General Meeting (AGM) of the Members of Sam Industries Limited for financial year 2023-24 will be held on **Monday, 30th day of September, 2024, at 02:00 P. M.** through Video Conferencing ("VC") or Other Audio Visual Means ("OAVM"), to transact the businesses as set out in the notice of the AGM dated 13th August, 2024, which along with the Annual Report 2023-24 has been sent to the members of the Company only through electronic mode to those members whose email addresses are registered with the company/depositories.

II. **Notice of Book Closure**

Notice is also hereby given pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 read with Rule 10 of Companies (Management & Administration) Rules, 2014 (Rules) and Regulations 42 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (LODR) that the Register of Members and Share Transfer Books of the Company shall remain closed from **Tuesday, 24th September, 2024 to Monday, 30th September, 2024 (both days inclusive)** for the purpose of said 30th Annual General Meeting of the Company.

III. **Remote E-Voting Information**

The members are further informed that pursuant to Section 108 of the Companies Act, 2013, and Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, and as amended from time to time and Regulation 44 of SEBI (LODR) Reg. 2015, the company is pleased to provide e-voting facility which will enable the members to exercise their right to vote at the **30th** Annual General Meeting (AGM) by electronic means for the businesses as mentioned in the AGM Notice.

Necessary arrangements have been made by the Company with Central Depository Services (India) Limited (CDSL) to facilitate e-voting at the link **www.evotingindia.com** to its members in respect of the business set out in Notice of AGM, which has already been mailed to the members along with the Annual Report for the financial year ended **31st March, 2024** at their registered emailing addresses respectively.

The details pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and the relevant Rules prescribed there-under are as follows:

1. The business may be transacted through voting by electronic means.
2. Date and time of commencement of remote e-voting: Friday, 27th September, 2024 from 09.00 A.M.
   Date and time of end of remote e-voting: **Sunday, 29th September, 2024 at 5.00 P.M.**
3. **Cut-Off Date: Monday, 23rd September, 2024**
4. Any person, who acquires shares of the company and has become a member of the company after dispatch of notice and holding shares as on the cut-off date i.e, Monday. 23rd September, 2024 can follow the process for generating the Login-ID and password as provided in the Notice of AGM.
5. E-voting by electronic mode shall not be allowed beyond 5.00 P.M. on Sunday, 29th September, 2024.
6. The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again.
7. The remote e-voting module shall be disabled by CDSL for voting thereafter. Once the vote on a resolution is cast by the shareholder, the shareholder shall not be allowed to change it subsequently.
8. Members of the Company holding shares either in physical form or in dematerialized form as on the cut-off date of Monday, **23rd September, 2024** only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as e-voting in the AGM.
9. The Notice of the AGM and the Annual Report for the financial year 2023-24 is also available on the iCompany's website www.samindustriesltd.com and on the website of CDSL www.evotingindia.com.
10. In case member has any grievance/queries or issues regarding e-voting may contact to Mr. Rakesh Dalvi, Sr. Manager, (CDSL) Central Depository Service (india) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compunds, NM Joshi Marg, Lower Parsel (east) Mumbai-400013 or send an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call toll free no. 1800225533

By order of the Board
For Sam Industries Limited
Sd/-
Navin S. Patwa
Company Secretary

Place : Indore
Date : 03rd September, 2024

एक नजर

नवविवाहिता ने लगाई फांसी पति के खिलाफ केस दर्ज

इंदौर। रुस्तम का बगीचा क्षेत्र में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी अब पुलिस ने जांच के बाद उसके पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका दीक्षा भंडारी, जो रुस्तम का बगीचा की निवासी थी, ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस की जांच में पता चला है कि दीक्षा का पति, नीरज उर्फ सूरज भंडारी, उसे लगातार घरेलू प्रताड़ना देता था। बताया जा रहा है कि छोटी-छोटी घरेलू बातों को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। मृतिका के परिजनों ने नीरज भंडारी पर आरोप लगाया है कि वह दीक्षा को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था, जिसके कारण उसने यह घातक कदम उठाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पति नीरज से पूछताछ की जा रही है।

मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश को पकड़ा

इंदौर। शहर के भंवरकुआं थाना क्षेत्र में कल रात मोबाइल झपटा मारी का मामला सामने आया है। बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीनकर भागने लगा फरियादी ने हिम्मत दिखाते हुए पीछा किया और उसे पकड़ लिया। रह वासियों की मदद से उसे पुलिस को सौंपा गया है ,अब उससे पूछताछ जारी है। भंवरकुआं पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी अभिषेक पिता विमलेश पाठक, जो मूलतः कटनी का निवासी है और इंदौर में पढ़ाई कर रहा है, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना के अनुसार, आरोपी कान्हा उर्फ आकाश पिता कैलाश राठौड़, निवासी पुनासा, खंडवा, ने अभिषेक का मोबाइल छीनकर भागने की कोशिश की। अभिषेक ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

पति और सास से परेशान होकर खाया जहर

इंदौर। अन्नपू ा इलाके में एक नवविवाहिता ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने उसकी सास और पति को मामले में दोषी पाया और उनके खिलाफ कार्यवाही की है। अन्नपू ा पुलिस के अनुसार मृतिका का नाम ज्योति उर्फ सिमरन पति सेवकसिंह निवासी गुरुद्वारा परिसर सुदामा नगर है। पिछले सप्ताह ज्योति ने जहर खाकर अपनी जान दे दी थी। पुलिस ने उसके पति सेवकसिंह और सास सेवंतीबाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बताया जा रहा है सेवकसिंह एक धर्मस्थल पर सेवा का काम करता है। वह घटना वाले दिन दोपहर में घर आया था, तब पत्नी ने बताया था कि उसने जहर खा लिया है। युवती के परिवार वालों ने पति और सास को दोषी बताया था।

कारपेंटर की संदिग्ध मौत

इंदौर। कनाडिया इलाके में कारपेंटर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। माना जा रहा है उसे अटैक आया है। कनाडिया पुलिस के अनुसार मृतक का नाम प्रेमराम पिता वोदाराम निवासी टेलीफोन नगर कनाडिया है। वह फर्नीचर बनाने का काम करता था। कल रिश्तेदार नैनराम उसे अचेत हालात में अस्पताल लेकर आया ,जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है काम के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी थी।

प्रेमिका से ब्रेकअप के बाद मांगी मोबाइल की किश्त

सौ रुपए नहीं देने पर प्रेमी ने पीटा, गाड़ी में भी की तोड़फोड़

नगर प्रतिनिधि

इंदौर। राजेन्द्र नगर में 17 साल की नाबालिग प्रेमिका को उसके प्रेमी ने पिटाई कर दी। प्रेमिका ने 3 साल की रिलेशनशिप से ब्रेक अप किया तो प्रेमी ने अपने दिलाए गए मोबाइल की किश्त मांग ली। प्रेमिका ने इनकार किया तो उसने पिटाई कर दी।

राजेन्द्र नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 17 साल की छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने उसके प्रेमी पीयूष पुत्र संतोष लश्करी निवासी अरिहंत नगर पर मारपीट करने और गाड़ी में तोड़फोड़ करने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस से शिकायत में छात्रा ने बताया कि 3 साल से दोनों का अफेयर है। पीयूष के व्यवहार के कारण ब्रेकअप कर लिया था। पीयूष ने मोबाइल दिलाया था। जिसकी किश्त वही जमा कर रहा था। लेकिन ब्रेकअप के बाद वह मुझसे पैसे मांगने लगा। इसके लिए वह कॉल कर परेशान कर रहा था।

सोमवार को छात्रा उससे मिलने चमेली देवी स्कूल केसरबाग रोड के यहां पहुंची। तब पीयूष को 2 हजार रुपए छात्रा ने दे दिए। पीयूष ने कहा कि 21 सौ रुपए की किश्त भरना है। छात्रा ने कहा बाद में दे दूंगी। इस बात पर पीयूष अपशब्द कहने लगा। फिर छात्रा की एक्टिवा में डंडे से तोड़फोड़ कर दी। छात्रा ने मौके पर मां और बुआ को बुलाया। पीयूष ने दोनों से बदसलूकी की। इसके बाद छात्रा ने पीयूष के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया है।

दोस्त ने धोखे से घर बुलाकर किया रेप

शादी की बात करने माता-पिता से मिलने बुलाया

इंदौर। बाणगंगा में उज्जैन की रहने वाली एक युवती का दोस्त ने रेप किया। आरोपी ने पहले दोस्ती की फिर माता-पिता से शादी की बात करने के लिए इंदौर बुलाया। वह जब आरोपी के घर पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ रेप किया। इसके बाद आरोपी ने मोबाइल पर मिलने के लिये धमकाया। पीड़िता ने परेशान होकर पिता को पूरी बात बताई। इसके बाद पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 19 साल की युवती की शिकायत पर विशाल पुत्र मोहनलाल निवासी बलवीर अखाड़े के पास पर रेप और धमकी देने का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी मां का देहांत हो गया है। वह अपने पिता के साथ रहती है। भाई मामा के पास रहता है।

उसने बताया कि वह विशाल से एक साल से संपर्क में थी। विशाल ने कहा कि वह उसे पंसद करता है। शादी करेगा और जल्द अपने माता-पिता से मिलवाएगा। 5 जुलाई को इंदौर में सहेली के घर की ओपनिंग हुई। इस दौरान इंदौर आना हुआ। विशाल से भी मोबाइल पर बात हुई। उसने कहा कि तुम आई हो तो माता-पिता से भी मिलवा देता हूं। उनसे शादी की बात कर लेंगे। मैं विशाल के घर पहुंची लेकिन उसके माता-पिता वहां नहीं थे। पूछा तो कहा कि मैंने जानबूझकर यहां बुलाया है। मैं बाहर निकलने लगी तो कमरे में धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद उसने रेप किया। मैं विशाल से छूटकर भागी और सीधे बस में बैठकर उज्जैन पहुंची।

व्यवसायी के घर में घुसे चोर

इंदौर। लसूड़िया में एक व्यवसायी के घर में चोर घुस गए। नितिन पुत्र पृथ्वीराज सिंह निवासी पंचवटी कॉलोनी ने पुलिस से शिकायत की है। नितिन ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह हम दोनों पति-पत्नी जॉब के लिए निकले। बच्चे भी स्कूल गए थे। दोपहर में पड़ोसी महिला ने पत्नी को कॉल किया।बताया कि बाहर के गेट के ताले टूटे हुए हैं। पत्नी ने तत्काल नितिन को फोन लगाकर घर पहुंचने को कहा। जब दोनों घर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से सामान भी चोरी हो गया। इसमें सोने के आभूषण, दो महंगी घड़ियां, 23 हजार नकदी सहित अन्य सामान शामिल है। पुलिस आसपास के फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

महार समाज का युवा संवाद एवं सम्मान समारोह 22 सितम्बर को

समारोह में उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं खिलाडियों को किया जाएगा सम्मानित

इंदौर। श्री सोमवंशीय सकल पंच महार समाज का युवा संवाद एवं सम्मान समारोह स्थानीय प्रीतमलाल दुआ सभागृह में 22 सितम्बर,2024 (रविवार) को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष लखन अड़ाव तथा कार्यक्रम अध्यक्ष गोविंद पंवार द्वारा बताया गया कि समाज के प्रतिभावान एवं उत्कृष्ठ छात्र-छात्राएं जिन्होंने वार्षिक परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित की हो तथा राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों का सम्मान प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु युवा संवाद का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम हेतु प्रविष्ठि 18 सितम्बर,2024 तक विजय वाघ, गौतम पंवार, आशिष केदार, प्रदीप मोरे तथा विजय पंवार को जमा की जा सकती है। कार्यक्रम में नवयुवक मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष लक्की टपाल, भैया बाईस्कर, विजय पंवार, संदीप बागुल, जीतू कामले, कमल फडके तथा संदीप मोरे सहित समाजन उपस्थित रहेंगे।

होटल कर्मचारी मोबाइल-कैश लेकर भागा

इंदौर। खजराना की एक होटल कर्मचारी 80 हजार रुपए चुराकर भाग गया। पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। खजराना पुलिस के मुताबिक राहुल गौर निवासी मंगलनगर की शिकायत पर होटल कर्मचारी मैनक तालूकदार निवासी दक्षि ा सिक्किम के खिलाफ केस दर्ज किया है। राहुल ने बताया कि उनकी स्कीम नंबर 94 में बिजनेस पार्क के पीछे द वैलव्यू नाम से होटल है। मंगलवार सुबह उनके मैनेजर मोहित का कॉल आया। उसने बताया कि कर्मचारी मैनक कॉल नहीं उठा रहा और होटल का ऑफिशियल मोबाइल बंद है। कुछ देर बाद राहुल होटल पहुंचे। सीसीटीवी चेक करने पर पता चला कि मैनक वहां से मोबाइल और काउंटर में रखे 80 हजार रुपए लेकर जाते हुए दिखाई दिया। राहुल ने मैनक के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज की है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर अब आरोपी की तलाश कर रही है।

जनजातीय समुदाय के अध्ययन की महती आवश्यक हैं : उईके

जनजातीय अध्ययन एवं विकास केंद्र का दीक्षारंभ कार्यक्रम

इंदौर। जनजातीय अध्ययन एवं विकास केंद्र, में मंगलवार 3 सितंबर, 2024 को केन्द्र में संचालित नवीन पाठ्यक्रम एम.ए. (जनजातीय अध्ययन) में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिये पूर्ण पाठ्यक्रम के उद्देश, योजना एवं विभिन्न क्षेत्र में केरियर के अवसर आदि को विस्तार पूर्वक रूप में बताने हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अर्थशास्त्र अध्ययनशाला (सभागार) तक्षशिला परिसर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ।

विश्वविद्यालय, इंदौर म.प्र के शैक्षणिक विभाग परिसर में जनजातीय अध्ययन एवं विकास केन्द्र में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से एम.ए (जनजातीय अध्ययन) पाठ्यक्रम 60 विद्याथीयों से प्रारंभ किया जा रहा हैं। केन्द्र के पाठ्यक्रम में प्रवेश पूर्ण हो गये हैं। पाठ्यक्रम में अध्यापन कार्य भी प्रारंभ हो गया हैं। कार्यक्रम में दुगार्दास उईके, केन्द्रीय राज्य मंत्री जनजातीय मामले, भारत सरकार एवं सांसद बैतूल-हरदा- हरसूद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे । उन्होंने केन्द्र की स्थापना की बहुत सराहना की उन्होंने कहा की जनजातीय समुदाय के अध्ययन की महती आवश्यक हैं। उन्होंने ऐतिहासिक तौर पर पूरे समुदाय की संस्कृती, परंपरा, भौगोलिक वितरण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर बारीकी से ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि गजेन्द्र पटेल , खरगोन- बड़वानी के सांसद ने कहा कि जनजातीय अध्ययन विकास केंद्र के विद्याथीर्यों के कन्धों पर बड़ी जिम्मेदारी हैं कि वे देश की महत्वपूर्ण धरोहर आदिवासी समाज के इतिहास, आर्थिक-सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक संरचना को अध्ययन के रूप में दस्तावेजीकरण करें। विशिष्ठ अतिथि हर्ष चौहान, पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार नई दिल्ली ने आयोग अध्यक्ष रहते हुए 2022 में पूरे देशभरस्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों की भूमिका विषय पर संगोष्ठियों का आयोजन देश उच्च शिक्षण संस्थानों में आयोजित किये उन कार्यक्रमों की स्मृतियों को यादकर समस्त देशभर के कार्यक्रमों की संरचना एवं उद्देश्य को साझा किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वैभव सुरंगे अखिल भारतीय युवा प्रमुख वनवासी कल्याण परिषद केन्द्र नागपुर ने जनजातीय अध्ययन विकास केंद्र में प्रवेश कर अध्ययन में जुटे विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम उपाधि एम.एम.(जनजातीय अध्ययन) के महत्व को बताया की क्यों महत्वपूर्ण हैं । उन्होंने बताया की इस प्रकार के अध्ययन की शुरूआत बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था । देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर ने बहुत सराहनीय प्रयास किया हैं।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य डॉ. ए.के द्विवेदी जी, डॉ. वैशाली वाईकर, डॉ. मोनिका गौड,ओम शर्मा, प्रोफेसर प्रतोष बंसल, प्रोफेसर गणेशश्वर मिश्रा, प्रोफेसर राजीव गुप्ता एवं प्रोफेसर संजीव टोकेकर आदी भी उपस्थितरहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रोफेसर रेणु जैन ने की । उन्होने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जनजातीय अध्ययन और उनकी पहचान पर बात की साथ साथ विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालय आयोजित सफल आयोजन जनजातीय अध्ययन एंव विकास केंद्र की स्थापना को सभा के समक्ष रखा।

गड्ढों से निकल रही रिक्शा का निकला पहिया

इन्दौर ।शहर में गड्ढों के कारण सड़कों पर परेशानियां बढ़ गई है। कई लोगों की तो जान पर ही बन आती है। कल भी इन्दौर-पीथमपुर रोड पर गड्ढों के कारण एक दम्पति हादसे का शिकार हो गए। आज सुबह पत्थर मुंडला रोड पर आटो रिक्शा का पहिया निकल गया। रिक्शा क्रमांक एमपी-०९ टीए-३७९६ का पहिया गड्ढों से भरी सडक होने के कारण चलते आटो से निकल गया। प्रत्यदर्शी महेन्द्र राजपूत ने बताया कि आरटीओ मार्ग पर सडक तो बची ही नहीं है, आए दिन हादसे भी हो रहे है। एक आटो रिक्शा का अगला पहिया निकल गया। गनीमत रही कि उसमें कोई सवारी नहीं थी अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता।